

नवभारत 7
भोपाल, शनिवार 8 अक्टूबर 2025

# विश्व विजेता क्रांति गौड़ का छतरपुर में भव्य स्वागत

## फूल-माला पहनाकर और नारों के साथ सम्मान, स्वागत में कलेक्टर, एसपी, एसडीएम सहित बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**छतरपुर 7 नवंबर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी क्रांति सिंह गौड़ शुक्रवार को वर्ल्ड कप जीत के बाद पहली बार अपने गृह जिले छतरपुर पहुंचीं. उनके आगमन पर जिले में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला.**





खजुराहो से लेकर घुवारा और छतरपुर शहर तक भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए. स्वागत कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, स्ठरू सहित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया. जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाएँ पहनाकर और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ क्रांति गौड़ का अभिनंदन किया. कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन और खेल विभाग के अधिकारियों ने भी उन्हें सम्मानित किया. मंच से संबोधित करते हुए क्रांति गौड़ ने कहा, यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि हर उस लड़की की है जो बड़े सपने देखने का साहस रखती है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि मेहनत और अनुशासन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है. इस दौरान युवाओं ने उन्हें रोल मॉडल बताया और कहा कि वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं.

**वर्ल्ड कप जीत के बाद पहला गृहजनपद आगमन:** क्रांति गौड़ हाल ही में उस भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा थीं, जिसने वनडे वर्ल्ड कप जीतकर देश का नाम रोशन किया. इसी जीत के बाद वे पहली बार छतरपुर लौटीं, जहां पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल रहा.

### स्वागत की रूपरेखा पहले ही तय थी

प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार, खजुराहो एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद क्रांति का काफिला कई स्थानों से होते हुए छतरपुर और फिर घुवारा पहुँचा. शहर में आयोजित सम्मान समारोह में नागरिकों, खिलाड़ियों और छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. क्रांति ने बुंदेलखंड और छतरपुर का नाम विश्व स्तर पर चमकाया है. यह क्षण जिले के लिए गर्व का है.

# पिता ने खुद थामी बच्चे को लगी ड्रिप की बोतल

**छतरपुर, 7 नवंबर. थाना गुलगंज क्षेत्र के ग्राम डिकोली में एक सड़क हादसे के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही सामने आई है.**



ग्राम डिकोली निवासी 17 वर्षीय प्रमोद अहिरवार, पिता बबलू अहिरवार, शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों के अनुसार प्रमोद अपने पिता के कहने पर मोटर का सामान लेने के लिए गुलगंज बाजार गया था. लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिसमें उसके चेहरे व सिर पर गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद घायल युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी. परिजन एंबुलेंस की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन काफी देर तक वाहन नहीं पहुंचा. इस दौरान घायल की स्थिति गंभीर होती गई. मजबूर होकर पिता को बेटे की ड्रिप की बोतल पकड़ कर उपचार करवाना पड़ा. परिजनों का कहना है कि अगर समय पर एंबुलेंस और बेहतर व्यवस्था मिल जाती तो स्थिति और खराब न होती. घटना ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और आपातकालीन सेवाओं की असमर्थता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## एक नजर में



### महिला अपराधों और सुरक्षा से छात्राओं को कराया अवगत

**भैरुंदा.** मुस्कान विशेष अभियान अंतर्गत पुलिस द्वारा एक निजी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं महिला अपराध के संबंध में जानकारी दी गई. शुक्रवार को पुलिस द्वारा एक निजी स्कूल में मुस्कान विशेष अभियान के तहत छात्राओं को महिला अपराध के संबंध में जागरुक किया गया व बालिकाओं के अपहरण होने के पूर्व व उनकी बरामदगी उपरांत होने वाली गतिविधियों एवं बच्चियों को भविष्य में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई. केस स्टडी के माध्यम से बच्चियों को महिला अपराधों के संबंध में जानकारी दी. कार्यक्रम में एसडीएम रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, रविंद्र, राहुल, व अन्य थाना स्टाफ एवं विद्यालय से प्राचार्या रोशमी, खेल शिक्षक सुनील पंवार, नरेंद्र शर्मा, गोविंद मीणा, प्रशांत गौर, मीना विश्वकर्मा एवं अन्य शिक्षकगण सहित लगभग 300 छात्राएं उपस्थित रहीं.

### युवा उत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने किया कला का प्रदर्शन




**सीहोर.** युवा उत्सव के तहत दूसरे दिन रचनात्मकता पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन पीएम श्री कॉलेज में किया गया. इस दौरान जिले के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने मूक अभिनय, स्किट, तथा मूर्ति कला विधाओं में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया. मूक अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने एसिड अटैक तथा महिला शोषण जैसे गंभीर विषय पर अपने प्रभावी अभिनय से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया. हास्य नाटिका में साइबर अपराध तथा अंधविश्वास को मूल में रख विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय प्रदर्शन किया. नाटिका के माध्यम से साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया. इसी प्रकार मूर्ति कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसोईघर में प्रयुक्त होने वाले पात्रों को मिट्टी का आकार देकर अपनी सृजनात्मक कला का प्रदर्शन किया.

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर से हरदा में



**सीहोर.** हरदा में अग्रवाल समाज का 29 वां परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर से शुरू होगा. जिसमें मप्र के अलावा राजस्थान और महाराष्ट्र के लोग भी अपने जीवनसाथी को चुनेंगे. अग्रवाल समाज अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ अग्रवाल मांगलिक भवन में किया जाएगा. आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सीहोर में अग्रवाल समाजजनों से भेंट कर उन्हें आयोजन में शामिल होने निमंत्रण दिया. बैठक में विनोद अग्रवाल, निमिष गोयल, डॉ. सीरीज अग्रवाल, नितेश बंसल, उमेश बंसल, सिद्धार्थ बंसल, राजकुमार अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए. समाज अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सोनू गोयल, आशीष गुप्ता ने हरदा अग्रवाल समाज के समस्त पदाधिकायिों का सम्मान किया. उन्होंने बताया कि अब तक करीब 800 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा आ चुके हैं. इस अवसर पर प्रमुख रूप सेनंद गोपाल मोदी अशोक गोयल नरेश गोयल दीपक गोयल अजय अग्रवाल माताजी अग्रवाल उपस्थित थे.

### खेल भावना, एकता और विकास का संगम

**श्यामपुर.** ग्राम पंचायत खजूरिया खुर्द एवं ग्राम पंचायत कादमपुर में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में किया गया. खेल महोत्सव शुभारंभ के मौके पर खिलाड़ियों के आग्रह पर सांसद आलोक शर्मा ने खेल मैदान के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की. यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को आगे बढ़ने की नई दिशा प्रदान करेगा. खेल महोत्सव में बच्चों ने उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. वहीं ग्रामवासियों की सहभागिता ने माहौल को ऊर्जा और उमंग से भर दिया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह जाट, अहमदपुर मंडल मंत्री कुलदीप सिंह राजपूत, रघुवर सिंह, रामसिंह नेता, आयुष, सरपंच प्रतिनिधि हरिसिंह प्रजापति, महेश गौर तथा समस्त ग्रामीण व बालक-बालिकाएं उपस्थित थे.

# छतरपुर में सामूहिक गायन के साथ मनाया गया गौरव दिवस



**छतरपुर 7 नवंबर. राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर छतरपुर में जिला स्तरीय सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया.**

शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे शहर के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक एक साथ खड़े होकर राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया. राष्ट्रगीत की धुन और स्वर के साथ पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से गूंज उठा. राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है. उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को समझकर आगे बढ़ने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक विभाग द्वारा किया गया. अंत में सभी प्रतिभागियों को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रगौरव से जुड़े संकल्प के साथ विदाई दी गई.

# छतरपुर यूथ कांग्रेस चुनाव में 'मोनू राजा' की जीत

- कपिल देव रिछारिया बने विधानसभा अध्यक्ष
- जिला अध्यक्ष पद पर मानवेंद्र सिंह को 7,452 वोट



**छतरपुर, 7 नवंबर. शहर में यूथ कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव संपन्न हो गए हैं. जिला अध्यक्ष पद पर मानवेंद्र सिंह 'मोनू राजा' झमटुली ने स्पष्ट जीत दर्ज की. उन्हें कुल 7,452 मत मिले, जो सभी प्रत्याशियों में सर्वाधिक रहे.**

इस पद के लिए कुल छह प्रत्याशी मैदान में थे. दूसरे स्थान पर गजेंद्र सिंह पटिया रहे, जिन्हें 5,597 मत प्राप्त हुए. इनके अलावा राजवर्धन मिश्रा को 1,892, आदर्श रावत को 37, मानवेंद्र परमार (गोपालपुरा) को 23 और अभिलाषा अहिरवार को 9 मत मिले. संगठन ने कहा है कि सभी प्रत्याशी आगे भी पार्टी गतिविधियों में भूमिका निभाते रहेंगे. विधानसभा छतरपुर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पद पर कपिल देव रिछारिया ने जीत हासिल की. उन्हें कुल 1,830 मत मिले. इस पद के लिए पुष्पेंद्र कुशवाहा को 1,418, नितेश (निक्की) पाठक को 595, अरुण तिवारी को 264 और प्रदीप कुशवाहा को 8 मत प्राप्त हुए.

### जीत के बाद स्वागत व मुलाकात

विजय के बाद 'मोनू राजा' सागर रोड स्थित खेल ग्राम पहुँचे, जहाँ उन्होंने पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी (पज्जन भैया) और पूर्व विधायक नीरज दीक्षित से मुलाकात की. इस दौरान बड़े पैमाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएँ पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई बांटी. 27,500 युवा जुड़ चुके हैं संगठन से मोनू राजा ने कहा कि जिले में 27,500 युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली है. उन्होंने संबोधन में कहा यह सिर्फ चुनाव नहीं, यह हमारा परिवार बढ़ाने का अभियान है. यही युवा संगठन को और मजबूत करेंगे.

**प्रदेश कार्यकारिणी में छतरपुर को प्रतिनिधित्व:** यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी में भी छतरपुर से कई नियुक्तियाँ हुईं. शुभम दुबे और आदित्य पंकज मिश्रा को प्रदेश महासचिव, जबकि गौरव विनोद दीक्षित को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है.

# महाराजा छत्रसाल विवि का दल ग्वालियर रवाना

- स्वयंसेवक करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व
- पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में होंगे शामिल




**छतरपुर, 7 नवंबर. भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय दिल्ली द्वारा आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेने के लिए महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की एनएसएस इकाई के 5 स्वयंसेवक ग्वालियर रवाना हुए.**

यह शिविर 5 से 14 नवंबर तक आईटीएस विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में आयोजित हो रहा है. चयनित स्वयंसेवकों में नेहा अनुरागी, संजय रजक, मुस्कान वर्मा, माही कर्ण और विवेक अहिरवार शामिल हैं. ये सभी स्वयंसेवक विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अरुण कुमार चौरसिया के नेतृत्व में हिस्सा लेंगे. इस शिविर में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. शिविर के उपरांत चयनित स्वयंसेवक 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में परेड में भाग लेंगे. चयन पर कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, जिला संगठक गिरिजेश जुयाल, कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, शिवम् सुल्ह्रे तथा वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# ई- अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को लगाई फटकार

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 7 नवंबर.** कलेक्टर बालागुरू के ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की. उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, ई-अटेंडेंस प्रणाली, नामांकन की स्थिति, चाइल्ड ट्रैकिंग एवं शैक्षणिक अनुशासन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि जिले के सभी शिक्षक प्रतिदिन अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस लगाएं. कुछ शिक्षक अब भी ई-अटेंडेंस लगाने में लापरवाही बरत रहे हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया ऐसे शिक्षकों को तत्काल निर्देशित करें और आवश्यक होने पर कार्रवाई की जाए. उन्होंने ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि पहले स्वयं अनुशासन सीखें, फिर बच्चों को अनुशासन सिखाएं. विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता तभी सुधरेगी जब शिक्षक अपने दायित्वों का पालन निष्ठा से करेंगे.

उन्होंने निर्देश दिए कि वे स्कूलों का औचक निरीक्षण करें. निरीक्षण के दौरान यदि किसी शिक्षक की बिना सूचना अनुपस्थिति या अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए और गंभीर मामलों में निलंबन की कार्रवाई की जाए. कलेक्टर ने चाइल्ड ट्रैकिंग एवं नामांकन स्थिति की समीक्षा की और कहा कि किसी बच्चे का नाम विद्यालय से ड्रॉप आउट नहीं होना चाहिए. शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें शीघ्र विद्यालयों में नामांकित किया जाए.

कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. ऐसे मामलों में निलंबन की कार्रवाई की जाएगी. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भीकहा कि सभी अधिकारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य करे.

### कॉम्बिंग गशत में 141 वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर.** पुलिस ने रात्रि कॉबिंग गशत के दौरान 141 वारंटियों को गिरफ्तार किया वहीं 133 निगरानी गुण्डा बदमाशों को किया चैक किया गया. साथ ही 02 अन्य अपराधों में फरार आरोपियों को भी धर दबोचा. जिले में करीब 229 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोम्बिंग गशत की. कॉबिंग गशत के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कमान संभाली. पहले सभी थानों की टीमों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा, इछावर, एएसपी सुनीता रावत ने आष्टा, पार्वती, एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा ने बिलकिसगंज, एसडीओपी रवि शर्मा ने बुधनी, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा कोतवाली, मण्डी, एसडीओपी आकाश अमलकर एवं थाना भैरूंदा में एसडीओपी रोशन जैन ने भैरुंदा की कमान संभाली. कॉबिंग गशत के दौरान कोतवाली अन्तर्गत 20 वारंटी, भैरूंदा 18, आष्टा 17, इछावर 11, शाहगंज 10 वारंटी पकड़े गए. अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से सम्पूर्ण जिले के थाना क्षेत्रों में रात्रि काम्बिंग गशत की गई.

### शताब्दी वर्ष पर संध का पथ संचलन 11 को

**हरपालपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है. नौगांव में 11 नवम्बर को वृहद पथ संचलन निकाला जा रहा है जिसमें नगर के संध के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### जिला क्लब फुट मुक्त घोषित

**सीहोर.** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है. मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा इस उपलब्धि के लिए जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है. सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि प्राप्त प्रशंसा पत्र में क्लब फुट जैसी जन्मजात समस्या के समय पर उपचार, जनजागरुकता कार्यक्रमों के संचालन, शीघ्र पहचान तथा सतत निगरानी के लिए जिले की स्वास्थ्य टीम की सराहना की गई है.

### सभी समुदाय के विकास की नींव होती शिक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 7 नवंबर.** शिक्षा किसी भी समुदाय के विकास की नींव होती है. शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर समुदाय सशक्त हो सकता है, समाज तभी मजबूत होता है जब समाज का हर व्यक्ति कंधे से कंधा मिलकर साथ चले. हमें चाहिए कि हम एकजुट होकर अन्य समाजों के लिए उदाहरण पेश करें. उक्त विचार अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के नवनियुक्त राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल ने कहे. उन्होंने कहा कि हमारे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं. समाज को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं की कार्यकारणी का विस्तार कर मुझे को जिम्मेदारी सौंपी है.

**वर्षगांठ** — जिले में समारोहपूर्वक मनी राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ

# भारत वर्ष की आजादी के आंदोलन का मंत्र बना था वंदे मातरम : वर्मा




**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 7 नवंबर.** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ शुक्रवार को जिले में समारोह पूर्वक मनाई गई. वंदे मातरम स्मरणोत्सव समारोह पीएम एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद कॉलेज में आयोजित हुआ. मुख्यालय के साथ ही जिले में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम आजादी के आंदोलन में देशवासियों के लिए आन्दोलन का मंत्र बना था. हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी. आजादी के आंदोलन में वंदे मातरम के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधना करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई.

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की वर्तमान पीढ़ी को वंदे मातरम के महत्व से अवगत कराने के लिए वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ को देश भर में समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है. राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी. उन्होंने वंदे मातरम के रचयिता स्वर्गीय बंकिम चंद्र चटर्जी का स्मरण भी किया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि वंदे मातरम शब्द सुनाई पड़ते या इस शब्द का उदघोष करते ही मन-मस्तिक में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत उर्जा का संचार हो जाता है. यह केवल शब्द नहीं, एक मंत्र है. कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा तथा गौरव सन्नी महाजन आदि उपस्थित थे.

### आष्टा में भी वंदे मातरम की वर्षगांठ पर हुए कार्यक्रम

आष्टा. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर नगर में कार्यक्रम आयोजित किए गए. एसडीएम नितिन कुमार टाले के नेतृत्व में वंदे मातरम का सामूहिक संपूर्ण गायन किया गया. कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. राष्ट्रगीत गायन के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया. इन कार्यक्रमों को चार चरणों में आयोजित किया जाएगा.